के तेरा हो जाऊं | By Tinka Soni

मुझे ऐसे लो जी थाम के तेरा हो जाऊं
ऐसे रंग में रंग दो श्याम के तेरा हो जाऊं

तेरे चरणों में मैं ज़िन्दगी चाहूँ गुज़ारना
तुम सामने बैठे रहो मैं चाहूँ निहारना
मुझे ले चल खाटू धाम के तेरा हो जाऊं
ऐसे रंग में रंग दो श्याम के तेरा हो जाऊं

गर तुम साथ हो मेरे तो किस बात की फिकर
हर वक़्त अब तो होंठों पे तेरे नाम का ज़िकर
मुझे और ना कोई काम के तेरा हो जाऊं
ऐसे रंग में रंग दो श्याम के तेरा हो जाऊं

अब तो प्रभु ये ज़िन्दगी तुमपे निसार है
तुम ही हो मेरी बंदगी बस तुमसे ही प्यार है
सब छोड़ के ताम और झाम के तेरा हो जाऊं
ऐसे रंग में रंग दो श्याम के तेरा हो जाऊं

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%8b-%e0%a4%9c%e0%a4%be%e0%a4%8a%e0%a4%82-by-tinka-soni/